सेंट जोसेफ-आर्मी स्कूल सुब्रतो कप चैंपियन

अंडर-17 बालिका वर्ग में संस्कार वैली उपविजेता

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

सेंट जोसेफ को एड ने सुब्रतो कप फुटबाल टूर्नामेंट में अंडर-17 आयु में दोनों वर्गों के खिताब जीते। जबकि अंडर-14 बालक वर्ग में मेजबान आर्मी पब्लिक स्कूल चैंपियन बना। तीनों विजेता टीमें संभाग स्तरीय फुटबाल में भोपाल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। पुरस्कार वितरण आर्मी स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर मनोज खंडूरी और प्राचार्य सीमा द्विवेदी ने किया। आर्मी पब्लिक स्कूल फुटबाल मैदान पर बुधवार को खेले गए अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में सेंट जोसेफ कोएड ने संस्कार वैली को 3-0 से हराया। इसमें आस्था बेस्ट प्लेयर चुनी गईं। जबकि संस्कार वैली की मंजिमा बेनर्जी सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के खिताब से नवाजी गईं। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल में सेंट जोसेफ ने आर्मी पब्लिक स्कूल को 2-0 से हराकर खिताब जीता। इसमें विजेता टीम के राहुल बेस्ट प्लेयर रहे। साहिल दुबे सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर रहे। अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल में आर्मी स्कूल ने बिलाबोंग को 2-1 से हराया। इसमें विजेता टीम के शिव सागर बेस्ट प्लेयर रहे।